बीकानेर @ पत्रिका. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकी मुर्गी आइलैंड रेड नस्ल इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के तहत विश्वविद्यालय परिसर में यह इकाई स्थापित की गई थी। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में प्रॉसेस में लगे हैं। इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गो की खरीद की गई थी। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनूं जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल हैं, लेकिन वहां व्हाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है। बीकानेर और इसके आसपास के जिले आइलैंड रेड नस्ल की मुर्गियों के उत्पादन का हब बन सकते हैं। पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एन.एस.दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर

कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित अमेरिकी मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

किसानों को जल्द उपलब्ध करवाए जाएंगे 'रोड आइलैंड रेड' अमेरिकन मुर्गी नस्ल के चूजे- डॉ अरुण कुमार, कुलपति, एसकेआरएयू

बदलते पर्यावरण में बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए अच्छा विकल्प बन सकता है रोड आइलैंड रेड मुर्गी नस्ल

ओम एक्सप्रेस

बीकानेर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकी मुर्गी नस्ल %%रोड आइलैंड रेड%% इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल +रोड आइलैंड रेड+ की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है । जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है।बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाजार कीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाजार में मुर्गी की कीमत 320 रू/ किलो है।

डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है।देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के मुकाबले 95 अंडों की उपलब्धता है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक 11 किलो कुक्कुट मीट की मांग के मुकाबले केवल 7 किलो प्रति व्यक्ति की उपलब्धता है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है। बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। लघु, सीमांत और भूमिहीन किसान कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं। विदित है कि डॉ एन.एस.दहिया इससे पहले केवीके झुंझुनूं में करीब 5 साल मुर्गी पालन की ट्रेनिंग दे चुके हैं जिसका प्रभाव झुंझुनूं और उसके आसपास के इलाकों में बड़े स्तर पर हो रहे मुर्गी पालन के रूप में देखा जा सकता है।

दैनिक भास्कर
बीकानेर 11-04-2024

पहली बार स्थापित 'रोड आइलैंड रेड' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

अब बीकानेर के किसानों को मिल सकेंगे अमेरिकन मुर्गी की नस्ल के चूजे

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकन मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कृषि विश्वविद्यालय ने नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली के अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए वेटरनरी विश्वविद्यालय से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी। दरअसल , राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है। बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एनएस दहिया और सहायक आचार्य डॉ. कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है।

एक अंडे का बाजार मूल्य 20-22 रुपए

रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है। जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। डॉ. एनएस दहिया ने बताया कि यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाजार कीमत 20-22 रुपए प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाजारर में मुर्गी की क्रीमत 320 रूपए किलो है।

▶ कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसानों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे।

डॉ.अरुण कुमार, कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय

पंजाब केसरी
THU,11 APRIL 2024
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

कृषि विश्वविद्यालय में अमरीकी मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

बीकानेर, 10 अप्रैल (प्रेम) : स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकी मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमरीकन मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' की इकाई स्थापित की गई।

समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसैस में लगे हैं।

विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी।

कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाइयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे।

कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित अमेरिकन मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

बीकानेर (निष्पक्ष कलम)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकन मुर्गी नस्ल ' रोड आइलैंड रेड ' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है । जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं ।

कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है।

इबादत | (प्रातःकालीन दैनिक) हनुमानगढ़ (राजस्थान) गुरूवार 11 अप्रैल, 2024

» कृषि विश्वविद्यालय में अमेरिकन मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

किसानों को जल्द उपलब्ध करवाए जाएंगे 'रोड आइलैंड रेड'' अमेरिकन मुर्गी नस्ल के चूज़े- डॉ अरुण कुमार

बदलते पर्यावरण में बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए अच्छा विकल्प बन सकता है रोड आइलैंड रेड मुर्गी नस्ल

इबादत न्यूज

बीकानेर, 10 अप्रैल। स्वामी के शवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकन मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल 'रोड आइलैंड रेड' की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे।

कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है। बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है।

डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाज़ार क़ीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाज़ार में मुर्गी की क़ीमत 320 रू/ किलो है।

डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है। देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के मुकाबले 95 अंडों की उपलब्धता है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक 11 किलो कुक्कुट मीट की मांग के मुकाबले केवल 7 किलो प्रति व्यक्ति की उपलब्धता है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है। बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। लघु, सीमांत और भूमिहीन किसान कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं। विदित है कि डॉ एन.एस.दहिया इससे पहले केवीके झुंझुनूं में करीब 5 साल मुर्गी पालन की ट्रेनिंग दे चुके हैं जिसका प्रभाव झुंझुनूं और उसके आसपास के इलाकों में बड़े स्तर पर हो रहे मुर्गी पालन के रूप में देखा जा सकता है।

कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित अमेरिकी मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

किसानों को जल्द उपलब्ध करवाए जाएंगे रोड आइलैंड रेड अमेरिकन मुर्गी नस्ल के चूजे- डॉ अरुण कुमार

प्रशान्त ज्योति न्यूज

बीकानेर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकी मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड की इकाई स्थापित की गई।

समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं।

करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे।

कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है।

बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है।

यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाजार कीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाजार में मुर्गी की कीमत 320 रू/ किलो है।

डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है।

बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। लघु, सीमांत और भूमिहीन किसान कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित अमेरिकन मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

किसानों को जल्द उपलब्ध करवाए जाएंगे 'रोड आइलैंड रेड'' अमेरिकन मुर्गी नस्ल के चूजे- डॉ अरुण कुमार, कुलपति, एसकेआरएयू

बीकानेर और उसके आसपास के जिले बन सकते हैं रोड आइलैंड रेड मुर्गी उत्पादन के हब

बदलते पर्यावरण में बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए अच्छा विकल्प बन सकता है रोड आइलैंड रेड मुर्गी नस्ल

हिंदुस्तान से रूबरू

बीकानेर(सुरेश जैन) स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकन मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल "रोड आइलैंड रेड" की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए है। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है।बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते है। कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाज़ार क़ीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाज़ार में मुर्गी की क़ीमत 320 रू/ किलो है। डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है।देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के मुकाबले 95 अंडों की उपलब्धता है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक 11 किलो कुक्कुट मीट की मांग के मुकाबले केवल 7 किलो प्रति व्यक्ति की उपलब्धता है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है। बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। लघु, सीमांत और भूमिहीन किसान कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते है। विदित है कि डॉ एन.एस.दहिया इससे पहले केवीके झुंझुनूं में करीब 5 साल मुर्गी पालन की ट्रेनिंग दे चुके हैं जिसका प्रभाव झुंझुनूं और उसके आसपास के इलाकों में बड़े स्तर पर हो रहे मुर्गी पालन के रूप में देखा जा सकता है।

कृषि विश्वविद्यालय के 'रोड आइलैंड रेड' अमेरिकन मुर्गी के चूजों का उत्पादन शुरू

कामयाब कलम रिपोर्टर।

बीकानेर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकी मुर्गी नस्ल ''रोड आइलैंड रेड'' इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी। उन्होने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है। बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं।

मुर्गी पालकों के लिये डबल कमाई का जरिया

कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाजार कीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाजार में मुर्गी की कीमत 320 रू/ किलो है। डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है।देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के मुकाबले 95 अंडों की उपलब्धता है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक 11 किलो कुक्कुट मीट की मांग के मुकाबले केवल 7 किलो प्रति व्यक्ति की उपलब्धता है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है। बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। मुर्गी पालक कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

कृषि विवि. में पहली बार अमेरिकी मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

किसानों को जल्द उपलब्ध करवाए जाएंगे अमेरिकन मुर्गी नस्ल के चूजे : कुलपति डॉ. कुमार

» बीकानेर और उसके आसपास के जिले बन सकते हैं अमेरिकी मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड उत्पादन के हब

» बदलते पर्यावरण में बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए अच्छा विकल्प बन सकता है रोड़ आइलैंड रेड मुर्गी नस्ल

बीकानेर, (निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकी मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है। बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाजार कीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाजार में मुर्गी की कीमत 320 रू/ किलो है। डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है।देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के मुकाबले 95 अंडों की उपलब्धता है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक 11 किलो कुक्कुट मीट की मांग के मुकाबले केवल 7 किलो प्रति व्यक्ति की उपलब्धता है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है। बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। लघु, सीमांत और भूमिहीन किसान कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं। विदित है कि डॉ एन.एस.दहिया इससे पहले केवीके झुंझुनूं में करीब 5 साल मुर्गी पालन की ट्रेनिंग दे चुके हैं जिसका प्रभाव झुंझुनूं और उसके आसपास के इलाकों में बड़े स्तर पर हो रहे मुर्गी पालन के रूप में देखा जा सकता है।

किसानों को जल्द उपलब्ध करवाए जाएंगे 'रोड आइलैंड रेड' अमेरिकन मुर्गी नस्ल के चूज़ेः डॉ अरुण कुमार, कुलपति

बीकानेर और उसके आसपास के जिले बन सकते हैं रोड आइलैंड रेड मुर्गी उत्पादन के हब

तेजकेसरी न्यूज/ बीकानेर, 10 अप्रैल। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकन मुर्गी नस्ल %%रोड आइलैंड रेड%% इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल ÷रोड आइलैंड रेड÷ की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है । जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है।बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं।

कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया कि रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाज़ार क़ीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाज़ार में मुर्गी की क़ीमत 320 रू/ किलो है।

डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है।देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के मुकाबले 95 अंडों की उपलब्धता है। इसी तरह प्रति व्यक्ति वार्षिक 11 किलो कुक्कुट मीट की मांग के मुकाबले केवल 7 किलो प्रति व्यक्ति की उपलब्धता है। लिहाजा अंडे और कुक्कुट मीट की बढ़ती मांग को देखते हुए मुर्गी पालन अच्छी कमाई वाला रोजगार का साधन है। बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए रोड आइलैंड रेड नस्ल अच्छा विकल्प है। लघु, सीमांत और भूमिहीन किसान कम लागत में 15 से 20 मुर्गियों से इसकी शुरुआत कर सकते हैं। विदित है कि डॉ एन.एस.दहिया इससे पहले केवीके झुंझुनूं में करीब 5 साल मुर्गी पालन की ट्रेनिंग दे चुके हैं जिसका प्रभाव झुंझुनूं और उसके आसपास के इलाकों में बड़े स्तर पर हो रहे मुर्गी पालन के रूप में देखा जा सकता है।

अमेरिकन मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू

सूरतगढ़। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पहली बार स्थापित की गई अमेरिकन मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कृषि विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए बीकानेर के स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में अमेरिकन मुर्गी नस्ल रोड आइलैंड रेड की इकाई स्थापित की गई। समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित इस इकाई में चूजों का उत्पादन शुरू हो गया है। मुर्गियों के अंडों से करीब 70 चूजे बाहर आ गए हैं। करीब 100 अंडे इनक्यूबेटर मशीन में इस प्रोसेस में लगे है। विदित है कि इकाई स्थापित करने के लिए राजुवास से 70 मुर्गियों और 10 मुर्गों की खरीद की गई थी। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कृषि विश्वविद्यालय में रोड आइलैंड रेड

नस्ल के चूजों की हैचिंग का कार्य जारी है। जल्द ही किसान भाईयों को कृषि विश्वविद्यालय से चूजे उपलब्ध हो सकेंगे। कुलपति ने बताया कि राजस्थान में अजमेर, झुंझुनू जिले मुर्गी पालन के क्षेत्र में अव्वल है। लेकिन वहां वाइट लेग हॉर्न मुर्गियों का ही व्यावसायिक रूप से पालन किया जाता है।बीकानेर और इसके आसपास के जिले रोड आइलैंड रेड नस्ल मुर्गियों के उत्पादन हब बन सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालय में यह इकाई कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एन.एस.दहिया और सहायक आचार्य डॉ कुलदीप शिंदे के निर्देशन में चल रही है। डॉ एन.एस.दहिया ने बताया रोड आइलैंड रेड मुर्गी दोहरे उद्देश्य वाली अमेरिकन नस्ल है जिसे मांस और अंडे दोनों के लिए पाला जाता है। यह मुर्गी लगभग 250-300 भूरे रंग के अंडे प्रतिवर्ष देती है। जिसकी बाज़ार क़ीमत 20-22 रु. प्रति अंडा है। वहीं मुर्गे का भार 3.85 किलो और मुर्गी का भार 2.95 किलो होता है। ये उन्नत नस्ल की बैकयार्ड मुर्गियां 4-5 महीनों के अंदर एक से डेढ़ किलो तक की हो जाती हैं और बाज़ार में मुर्गी की क़ीमत 320 रू/ किलो है। डॉ दहिया ने बताया कि मुर्गी पालन व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छे विकास के बावजूद कुक्कुट उत्पादों की उपलब्धता और मांग में काफी अंतर है।देश में प्रति व्यक्ति वार्षिक 180 अंडों की मांग के *शेष पृष्ठ 7 पर*

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब प्रमाणित बीजों का उत्पादन करेगा

बीकानेर, 13 अप्रैल(निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब सत्य चिन्हित(ट्रूथफुल) बीज की जगह प्रमाणित बीजों का उत्पादन करेगा। ये बीज राज्य सरकार से प्रमाणित बीज होंगे। इससे पूर्व एसकेआरएयू के अंतर्गत केवल कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर झुंझुनूं में ही प्रमाणित बीज तैयार किया जाता था। खरीफ 2024 में बीज की उपलब्धता को लेकर शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के निदेशक डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक किसानों को बहुत अच्छी क्वालिटी का बीज उपलब्ध करवाएं। इससे कृषि विश्वविद्यालय की साख भी बढ़ेगी। साथ ही कहा कि कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को बीज देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम हो ताकि किसानों को इधर उधर भटकना ना पड़े। डॉ तोमर ने कहा कि बोर्ड की बैठक में ही ये तय हो कि बीज अगर बच जाता है तो उसे नो प्रॉफिट, नो लॉस पॉलिसी तक जाकर बेचा जा सके। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के सहयोग से अच्छी क्वालिटी का सीड उत्पादन कर रहा है। साथ ही कहा कि जिस तरह राज्य सरकार किसानों को बीज पर सब्सिडी दे रही है। राज्य सरकार वही सब्सिडी कृषि विश्वविद्यालय के बीज पर भी दे। इसका प्रपोजल राज्य सरकार को भिजवाया जाएगा। ताकि किसानों को कृषि विश्वविद्यालय से कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी का बीज मिल सके। साथ ही कहा कि सीड चैन बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया जाएगा। देशभर में तिल के बीज की मांग को देखते हुए जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्र में बीज उत्पादन का भी निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पीसी गुप्ता ने खरीफ फसल 2023 में बीज की उपलब्धता और खरीफ 2024 हेतु बीज उपलब्धता प्लानिंग को लेकर पीपीटी के जरिए विस्तृत जानकारी दी। अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय मूंगफली, ग्वार और मोठ के बीज उत्पादन को लेकर पूरे राजस्थान में सबसे अच्छा कर सकते हैं। प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने कहा कि राज्य सरकार के साथ अच्छे कम्युनिकेशन और कृषि विश्वविद्यालय के बीज से फसल में इजाफे को लेकर जानकारी किसानों को देने से निश्चित लाभ होगा। कार्यक्रम के आखिर में उपनिदेशक बीज डॉ जितेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विदित है कि कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 7 कृषि विज्ञान केन्द्रों बीकानेर, लूणकरणसर, जैसलमेर, पोकरण, चूरू में चांदगोठी, झुंझुनू में आबूसर, श्रीगंगानगर के पदमपुर के अलावा यांत्रिक कृषि फार्म रोजड़ी, यूनिवर्सिटी सीड फार्म बिछवाल, यूनिवर्सिटी सेन्ट्रल फार्म खारा, कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़, कृषि महाविद्यालय बीकानेर, लैंडस्कैपिंग सेल समेत कुल 15 बीज उत्पादन केन्द्रों की कुल करीब 1300 हेक्टेयर भूमि है।

दैनिक भास्कर

बीकानेर 14-04-2024

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विवि अब प्रमाणित बीजों का करेगा उत्पादन

बीकानेर| स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब सत्य चिन्हित बीज की जगह प्रमाणित बीजों का उत्पादन करेगा। ये बीज राज्य सरकार से प्रमाणित बीज होंगे। इससे पूर्व एसकेआरएयू के अंतर्गत केवल कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर झुंझुनूं में ही प्रमाणित बीज तैयार किया जाता था। खरीफ-2024 में बीज की उपलब्धता को लेकर शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र कुमार तोमर ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक किसानों को बहुत अच्छी क्वालिटी का बीज उपलब्ध करवाएं। इससे कृषि विश्वविद्यालय की साख भी बढ़ेगी। साथ ही कहा कि कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को बीज देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम हो ताकि किसानों को इधर-उधर भटकना ना पड़े। डॉ. तोमर ने कहा कि बोर्ड की बैठक में ही ये तय हो कि बीज अगर बच जाता है तो उसे नो प्रॉफिट, नो लॉस पॉलिसी तक जाकर बेचा जा सके। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के सहयोग से अच्छी क्वालिटी का सीड उत्पादन कर रहा है। साथ ही कहा कि जिस तरह राज्य सरकार किसानों को बीज पर सब्सिडी दे रही है। राज्य सरकार वहीं सब्सिडी कृषि विश्वविद्यालय के बीज पर भी दे। देशभर में तिल के बीज की मांग को देखते हुए जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्र में बीज उत्पादन का भी निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ. पीसी गुप्ता ने खरीफ फसल में बीज की उपलब्धता और खरीफ के लिए बीज उपलब्धता प्लानिंग को लेकर पीपीटी के जरिए विस्तृत जानकारी दी। अनुसंधान निदेशक डॉ. पीएस शेखावत ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय मूंगफली, ग्वार और मोठ के बीज उत्पादन को लेकर पूरे राजस्थान में सबसे अच्छा कर सकते हैं।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब प्रमाणित बीजों का करेगा उत्पादन

खबर एक्सप्रेस

बीकानेर, 13 अप्रैल। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब सत्य चिन्हित(ट्रुथफुल) बीज की जगह प्रमाणित बीजों का उत्पादन करेगा। ये बीज राज्य सरकार से प्रमाणित बीज होंगे। इससे पूर्व एसकेआरएयू के अंतर्गत केवल कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर,झुंझुनूं और कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर में ही प्रमाणित बीज तैयार किया जाता था। खरीफ 2024 में बीज की उपलब्धता को लेकर शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के निदेशक डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की।

बैठक में मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक किसानों को बहुत अच्छी क्वालिटी का बीज उपलब्ध कसवाएं। इससे कृषि विश्वविद्यालय की साख भी बढ़ेगी। साथ ही कहा कि कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को बीज देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम हो ताकि किसानों को इधर उधर भटकना ना पड़े। डॉ तोमर ने कहा कि बोर्ड की बैठक में ही ये तय हो कि

बीज अगर बच जाता है तो उसे नो प्रॉफिट, नो लॉस पॉलिसी तक जाकर बेचा जा सके।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के सहयोग से अच्छी क्वालिटी का सीड उत्पादन कर रहा है। कृषि विश्वविद्यालय को बीज पर सब्सिडी देने का प्रपोजल राज्य सरकार के पास भिजवाया जाएगा। ताकि किसानों को कृषि विश्वविद्यालय से कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी का बीज मिल सके। साथ ही कहा कि सीड चौन बनाने को लेकर कमेटी का गठन और सीड ब्रॉडिंग को लेकर राज्य सरकार के पास प्रपोजल भिजवाया जाएगा। देशभर में तिल के बीज की मांग को देखते हुए जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्र में बीज उत्पादन का भी निर्णय लिया गया।इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पीसी गुप्ता ने खरीफ फसल 2023 में बीज की उपलब्धता और खरीफ 2024 हेतु बीज उपलब्धता प्लानिंग को लेकर पीपीटी के जरिए विस्तृत जानकारी दी। अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय मूंगफली और ग्वार के बीज उत्पादन को लेकर पूरे राजस्थान में सबसे अच्छा कर सकते हैं।

प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने कहा कि राज्य सरकार के साथ अच्छे कम्युनिकेशन और कृषि विश्वविद्यालय के बीज से फसल में इजाफे को लेकर जानकारी किसानों को देने से निश्चित लाभ होगा। कार्यक्रम के आखिर में उपनिदेशक बीज डॉ जितेन्द्र कुमार तिवाडी ने धन्यवाद ज्ञपित किया। विदित है कि कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 7 कृषि विज्ञान केन्द्रों बीकानेर, लूणकरणसर,

खरीफ 2024 में बीज उपलब्धता को लेकर रिव्यू बैठक का आयोजन

जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्रों पर तिल के बीज का किया जाएगा उत्पादन

जैसलमेर, पोकरण, चूरू में चांदगोठी, झुंझुनूं में आबूसर, श्रीगंगानगर के पदमपुर के अलावा यांत्रिक कृषि फार्म रोजड़ी, यूनिवर्सिटी सीड फार्म बिछवाल, यूनिवर्सिटी सेन्ट्रल फार्म खारा, कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़, कृषि महाविद्यालय बीकानेर, लैंडस्केपिंग सेल समेत कुल 15 बीज उत्पादन केन्द्रों की कुल करीब 1300 हेक्टेयर भूमि है। इन 15 केन्द्रों पर वर्ष 2023 में खरीफ की विभिन्न फसलों के 1500 क्विंटल बीजों का उत्पादन किया गया।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब प्रमाणित बीजों का करेगा उत्पादन

खरीफ 2024 में बीज उपलब्धता को लेकर रिव्यू बैठक का आयोजन

जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्रों पर तिल के बीज का किया जाएगा उत्पादन

बीकानेर, 13 अप्रैल। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब सत्य चिन्हित(ट्रूथफुल) बीज की जगह प्रमाणित बीजों का उत्पादन करेगा। ये बीज राज्य सरकार से प्रमाणित बीज होंगे। इससे पूर्व एसकेआरएयू के अंतर्गत केवल कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर झुंझुनूं और कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर में ही प्रमाणित बीज तैयार किया जाता था। खरीफ 2024 में बीज की उपलब्धता को लेकर शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के निदेशक डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक किसानों को बहुत अच्छी क्वालिटी का बीज उपलब्ध करवाएं। इससे कृषि विश्वविद्यालय की साख भी बढ़ेगी। साथ ही कहा कि कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को बीज देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम हो ताकि किसानों को इधर उधर भटकना ना पड़े। डॉ तोमर ने

कहा कि बोर्ड की बैठक में ही ये तय हो कि बीज अगर बच जाता है तो उसे नो प्रॉफिट, नो लॉस पॉलिसी तक जाकर बेचा जा सके। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के सहयोग से अच्छी क्वालिटी का सीड उत्पादन कर रहा है। कृषि विश्वविद्यालय को बीज पर सब्सिडी देने का प्रपोजल राज्य सरकार के पास भिजवाया जाएगा। ताकि किसानों को कृषि विश्वविद्यालय से कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी का बीज मिल सके। साथ ही कहा कि सीड चैन बनाने को लेकर कमेटी का गठन और सीड ब्रांडिंग को लेकर राज्य सरकार के पास प्रपोजल भिजवाया जाएगा। देशभर में तिल के बीज की मांग को देखते हुए जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्र में बीज उत्पादन का भी निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पीसी गुप्ता ने खरीफ फसल 2023 में बीज की उपलब्धता और खरीफ 2024 हेतु बीज उपलब्धता प्लानिंग को लेकर पीपीटी के जरिए विस्तृत जानकारी दी। अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय मूंगफली और ग्वार के बीज उत्पादन को लेकर पूरे राजस्थान में सबसे अच्छा कर सकते हैं। प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने कहा कि राज्य सरकार के साथ अच्छे कम्युनिकेशन और कृषि विश्वविद्यालय के बीज से फसल में इजाफे को लेकर जानकारी किसानों को देने से निश्चित लाभ होगा। कार्यक्रम के आखिर में उपनिदेशक बीज डॉ जितेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विदित है कि कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 7 कृषि विज्ञान केन्द्रों बीकानेर, लूणकरणसर, जैसलमेर, पोकरण, चूरू में चांदगोठी, झुंझुनू में आबूसर, श्रीगंगानगर के पदमपुर के अलावा यांत्रिक कृषि फार्म रोजड़ी, यूनिवर्सिटी सीड फार्म बिछवाल, यूनिवर्सिटी सेन्ट्रल फार्म खारा, कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़, कृषि महाविद्यालय बीकानेर, लैंडस्कैपिंग सेल समेत कुल 15 बीज उत्पादन केन्द्रों की कुल करीब 1300 हेक्टेयर भूमि है। इन 15 केन्द्रों पर वर्ष 2023 में खरीफ की विभिन्न फसलों के 1500 क्विंटल बीजों का उत्पादन किया गया।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब प्रमाणित बीजों का करेगा उत्पादन

खरीफ 2024 में बीज उपलब्धता को लेकर रिव्यू बैठक का आयोजन

जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्रों पर तिल के बीज का किया जाएगा उत्पादन

बीकानेर (दैनिक खबरां)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय अब सत्य चिन्हित(ट्रूथफुल) बीज की जगह प्रमाणित बीजों का उत्पादन करेगा। ये बीज राज्य सरकार से प्रमाणित बीज होंगे। इससे पूर्व एसकेआरएयू के अंतर्गत केवल कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर झुंझुनूं में ही प्रमाणित बीज तैयार किया जाता था। खरीफ 2024 में बीज की उपलब्धता को लेकर शनिवार को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति सचिवालय में हुई बैठक में ये निर्णय् लिया गया.बैठक में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के निदेशक डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की।

बैठक में मुख्य अतिथि डॉ जितेन्द्र कुमार तोमर ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक किसानों को बहुत अच्छी क्वालिटी का बीज उपलब्ध करवाएं। इससे कृषि विश्वविद्यालय की साख भी बढ़ेगी। साथ ही कहा कि कृषि विश्वविद्यालय में किसानों को बीज देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम हो ताकि किसानों को इधर उधर भटकना ना पड़े। डॉ तोमर ने कहा कि बोर्ड की बैठक में ही ये तय हो कि बीज अगर बच जाता है तो उसे नो प्रॉफिट, नो लॉस पॉलिसी तक जाकर बेचा जा सके।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के सहयोग से अच्छी क्वालिटी का सीड उत्पादन कर रहा है। साथ ही कहा कि जिस तरह राज्य सरकार किसानों को बीज पर सब्सिडी दे रही है। राज्य सरकार वही सब्सिडी कृषि विश्वविद्यालय के बीज पर भी दे। इसका प्रपोजल राज्य सरकार को भिजवाया जाएगा। ताकि किसानों को कृषि विश्वविद्यालय से कम कीमत पर अच्छी क्वालिटी का बीज मिल सके। साथ ही कहा कि सीड चैन बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया जाएगा।

देशभर में तिल के बीज की मांग को देखते हुए जैसलमेर और पोकरण कृषि विज्ञान केन्द्र में बीज उत्पादन का भी निर्णय लिया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत अतिरिक्त निदेशक बीज डॉ पीसी गुप्ता ने खरीफ फसल 2023 में बीज की उपलब्धता और खरीफ 2024 हेतु बीज उपलब्धता प्लानिंग को लेकर पीपीटी के जरिए विस्तृत जानकारी दी। अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय मूंगफली, ग्वार और मोठ के बीज उत्पादन को लेकर पूरे राजस्थान में सबसे अच्छा कर सकते हैं।

प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने कहा कि राज्य सरकार के साथ अच्छे कम्युनिकेशन और कृषि विश्वविद्यालय के बीज से फसल में इजाफे को लेकर जानकारी किसानों को देने से निश्चित लाभ होगा। कार्यक्रम के आखिर में उपनिदेशक बीज डॉ जितेन्द्र कुमार तिवाड़ी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विदित है कि कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 7 कृषि विज्ञान केन्द्रों बीकानेर, लूणकरणसर, जैसलमेर, पोकरण, चूरू में चांदगोठी, झुंझुनू में आबूसर, श्रीगंगानगर के पदमपुर के अलावा यांत्रिक कृषि फार्म रोजड़ी, यूनिवर्सिटी सीड फार्म बिछवाल, यूनिवर्सिटी सेन्ट्रल फार्म खारा, कृषि अनुसंधान केन्द्र बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़, कृषि महाविद्यालय बीकानेर, लैंडस्कैपिंग सेल समेत कुल 15 बीज उत्पादन केन्द्रों की कुल करीब 1300 हेक्टेयर भूमि है। इन 15 केन्द्रों पर वर्ष 2023 में खरीफ की विभिन्न फसलों के 1500 क्विंटल बीजों का उत्पादन किया गया।

नरेश कुमार मारू :- 7240278306

बीकानेर रविवार 14 अप्रेल 2024

कृषि विश्वविद्यालयः डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ

बीकानेर (निष्पक्ष कलम)। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास निदेशालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति डॉ अरुण कुमार समेत कृषि विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर्स व बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी।

इस अवसर पर कुलपति डॉ अरुण कुमार ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान के साथ वंचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। साथ ही कहा कि संविधान

निर्माता डॉ. अम्बेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा,वह अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के संतुलन की सीख देता है। उन्होने कहा कि संविधान के जरिए देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक व आर्थिक न्याय, प्रतिष्ठा व अवसर की समता और बंधुत्व का मंत्र देने वाले डॉ अंबेडकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने व अपनाने की आवश्यकता है।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक छात्र कल्याण डॉ वीर सिंह ने स्वागत भाषण और डॉ भीमराव अंबेडकर के विस्तृत जीवन परिचय से की। तत्पश्चात नारी शक्ति सम्मान में बाबा साहेब के योगदान पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल, संविधान में बाबा साहेब के योगदान पर कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी.के.यादव, अर्थशास्त्र की भूमिका में बाबा साहेब के योगदान पर आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने विस्तृत जानकारी दी।

छात्र कल्याण की सहायक अधिष्ठाता डॉ मनमीत कौर, आईएबीएम के पीएचडी स्कॉलर श्री आनंद व बीएससी एग्रीकल्चर की स्टूडेंट प्रिया समेत अन्य स्टूडेंट्स ने भी बाबा साहेब के जीवन व योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के आखिर में भू सदृश्यता एवं राजस्व अर्जन निदेशक डॉ दाताराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय के सभी डीन, डायरेक्टर समेत कृषि वैज्ञानिक समेत आईएबीएम, कृषि महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

भारत रत्न डॉ अंबेडकर जयंती पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

बीकानेर, 14 अप्रैल। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास निदेशालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति डॉ अरुण कुमार समेत कृषि विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर्स व बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर कुलपति डॉ अरुण कुमार ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान के साथ वंचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। साथ ही कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा,वह अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के संतुलन की सीख देता है। उन्होने कहा कि संविधान के जरिए देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक व आर्थिक न्याय, प्रतिष्ठा व अवसर की समता और बंधुत्व का मंत्र देने वाले डॉ अंबेडकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने व अपनाने की आवश्यकता है।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक छात्र कल्याण डॉ वीर सिंह ने स्वागत भाषण और डॉ भीमराव अंबेडकर के विस्तृत जीवन परिचय से की। तत्पश्चात नारी शक्ति सम्मान में बाबा साहेब के योगदान पर

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल, संविधान में बाबा साहेब के योगदान पर कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी.के.यादव, अर्थशास्त्र की भूमिका में बाबा साहेब के योगदान पर आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने विस्तृत जानकारी दी। छात्र कल्याण की सहायक अधिष्ठाता डॉ मनमीत कौर, आईएबीएम के पीएचडी स्कॉलर आनंद व बीएससी एग्रीकल्चर की स्टूडेंट प्रिया समेत अन्य स्टूडेंट्स ने भी बाबा साहेब के जीवन व योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आखिर में भू सदृश्यता एवं राजस्व अर्जन निदेशक डॉ दाताराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय के सभी डीन, डायरेक्टर समेत कृषि वैज्ञानिक समेत आईएबीएम, कृषि महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

14 साल बाद घर में बेटी का जन्म,मां बोली बेटा भाग्य से बेटी जन्म लेती है सौभाग्य से,थाली बजाई

भारत रत्न डॉ अंबेडकर जयंती पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

बीकानेर। भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास निदेशालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति डॉ अरुण कुमार समेत कृषि विश्वविद्यालय के डीन, डायरेक्टर्स व बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर कुलपति डॉ अरुण कुमार ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान के साथ वंचित वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। साथ ही कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा,वह अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के संतुलन की सीख देता है। उन्होने कहा कि संविधान के जरिए देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक व आर्थिक न्याय, प्रतिष्ठा व अवसर की समता और बंधुत्व का मंत्र देने वाले डॉ अंबेडकर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने व अपनाने की आवश्यकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक छात्र कल्याण डॉ वीर सिंह ने स्वागत भाषण और डॉ भीमराव अंबेडकर के विस्तृत जीवन परिचय से की। तत्पश्चात नारी शक्ति सम्मान में बाबा साहेब के योगदान पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल, संविधान में बाबा साहेब के योगदान पर कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी.के.यादव, अर्थशास्त्र की भूमिका में बाबा साहेब के योगदान पर आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी.सिंह ने विस्तृत जानकारी दी।

खबर एक्सप्रेस

एसकेआरएयू कुलपति डॉ अरुण कुमार ने रामनवमी पर कृषि महाविद्यालय में की कैंपस प्लेसमेंट की शुरुआत

